CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION

CBSE 2026-27

हिंदी पाठ्यक्रम 'अ' (Hindi Course A)

Subject Code: 002 | कक्षा दसवीं (Class X)

प्रश्न बैंक – सेट 1

पुस्तिका में प्रश्न

क्र.	अध्याय / विषय	MCQs	A-R	VSA	SA	LA	CS	All
1	अपठित गद्यांश	0	0	0	0	0	1	**1**
2	अपठित काव्यांश	0	0	0	0	0	1	**1**
3	रचना के आधार पर वाक्य भेद	3	1	12	0	0	0	**16**
4	वाच्य	3	1	12	0	0	0	**16**
5	पद परिचय	3	1	12	0	0	0	**16**
6	अलंकार	3	1	12	0	0	0	**16**
7	नेताजी का चश्मा	3	1	0	1	0	1	**6**
8	बालगोबिन भगत	1	1	0	1	0	1	**4**
9	लखनवी अंदाज़	1	1	0	1	0	1	**4**
10	एक कहानी यह भी	1	1	0	1	0	1	**4**
11	नौबतखाने में इबादत	2	1	0	1	0	1	**5**
12	संस्कृति	1	0	0	1	0	1	**3**
13	सूरदास — पद	2	1	0	1	0	1	**5**
14	तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद	1	0	0	1	0	1	**3**
15	जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य	1	1	0	1	0	1	**4**
16	निराला — उत्साह; अट नहीं रही है	3	1	0	4	0	1	**9**
17	नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल	3	1	0	4	0	1	**9**
18	मंगलेश डबराल — संगतकार	3	1	0	4	0	1	**9**
19	माता का अँचल	3	1	0	3	4	0	**11**
20	साना-साना हाथ जोड़ि	3	1	0	3	4	0	**11**
21	मैं क्यों लिखता हूँ?	3	1	0	3	4	0	**11**
22	अनुच्छेद लेखन	0	0	0	0	5	0	**5**
23	पत्र लेखन	0	0	0	0	4	0	**4**
24	स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन	0	0	0	0	8	0	**8**
	योग	**43**	**17**	**48**	**30**	**29**	**14**	**181**

MCQs = बहुविकल्पीय; A-R = अभिकथन–कारण; VSA = अति लघु उत्तरीय; SA = लघु उत्तरीय; LA = दीर्घ उत्तरीय; CS = केस/स्रोत आधारित।

विषय सूची

1. अपठित गद्यांश 3

2. अपठित काव्यांश 4

3. रचना के आधार पर वाक्य भेद 5

4. वाच्य 6

5. पद परिचय 7

6. अलंकार 8

7. नेताजी का चश्मा 9

8. बालगोबिन भगत 10

9. लखनवी अंदाज़ 11

10. एक कहानी यह भी 12

11. नौबतखाने में इबादत 13

12. संस्कृति 14

13. सूरदास — पद 15

14. तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद 16

15. जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य 17

16. निराला — उत्साह; अट नहीं रही है 18

17. नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल 20

18. मंगलेश डबराल — संगतकार 22

19. माता का अँचल 24

20. साना-साना हाथ जोड़ि 25

21. मैं क्यों लिखता हूँ? 26

22. अनुच्छेद लेखन 27

23. पत्र लेखन 28

24. स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन 29

उत्तर कुंजी (बहुविकल्पीय एवं अभिकथन-कारण) 30

1. अपठित गद्यांश

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

"एक छोटा कदम एक इंसान के लिए, लेकिन एक बड़ी छलांग मानवता के लिए"- यह शब्द नील आर्मस्ट्रांग ने चंद्रमा पर कदम रखते हुए कहे थे। आज वही भावना भारतवासियों के मन में तब जगी जब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने 27 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखा। यह क्षण केवल भारत की अंतरिक्ष वैज्ञानिक उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह देश की अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पहचान, आत्मनिर्भरता और युवाओं की प्रेरणा के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने और नई तकनीकों का विकास करने के लिए अंतरिक्ष अन्वेषण मानवता की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

27 जून 2025 को स्पेसएक्स के फाल्कन 9 रॉकेट से लॉन्च होने के बाद, शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ने 18 दिन आईएसएस पर बिताए। इस दौरान, उन्होंने माइक्रोग्रैविटी में 20 से अधिक विविध प्रयोग किए।

भारत ने अंतरिक्ष की यात्रा 1969 में इसरो की स्थापना से शुरू की थी। 1984 में राकेश शर्मा सोवियत अंतरिक्षयान के जरिए अंतरिक्ष में गए। राकेश शर्मा के बाद शुभांशु शुक्ला दूसरे भारतीय बने जिन्होंने अंतरिक्ष की यात्रा की, जो भारत की अंतरिक्ष यात्रा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ता है। यह उपलब्धि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष समुदाय में भारत की बढ़ती साख को मजबूत करती है। अब 2025 में शुभांशु शुक्ला का आईएसएस पर पहुँचना इस बात का संकेत है कि भारत अब 'मानव अंतरिक्ष युग' में प्रवेश कर चुका है और यह भारत के हर युवा, वैज्ञानिक और नागरिक की उम्मीदों की उड़ान है। इस मिशन ने देश के लाखों बच्चों और युवाओं के मन में 'मैं' भी कर सकता हूँ की भावना जगाई है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश में किस विषय पर चर्चा की गई है? **[1]**

(a) नील आर्मस्ट्रांग के चंद्रमा पर कदम रखने पर
(b) भारत के स्वर्णिम अंतरिक्ष अध्याय पर
(c) अंतरिक्ष के रहस्यों को समझने पर
(d) शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम पर

(ii) **अभिकथन (A):** "एक छोटा कदम एक इंसान के लिए, लेकिन एक बड़ी छलांग मानवता के लिए।"
कारण (R): यह कदम विज्ञान, प्रौद्योगिकी और मानव अन्वेषण के क्षेत्र में एक बहुत बड़ी प्रगति का प्रतिनिधित्व करता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iii) भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला ने 27 जून 2025 को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर कदम रखा। यह क्षण भारत के लिए क्यों महत्त्वपूर्ण साबित हुआ? सही कथन / कथनों का चयन कीजिए : (i) आर्थिक आत्मनिर्भरता (ii) युवाओं के लिए प्रेरणा (iii) अंतरिक्ष विज्ञान में नई उपलब्धि (iv) अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पहचान **[1]**

(a) कथन (i) और (ii) सही हैं
(b) केवल कथन (iii) सही है
(c) कथन (i) और (iv) सही हैं
(d) कथन (ii), (iii) और (iv) सही हैं

(iv) भारत अब 'मानव अंतरिक्ष युग' में प्रवेश कर चुका है। गद्यांश के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए। **[2]**

(v) बच्चों और युवाओं के मन में 'मैं' भी कर सकता हूँ की भावना शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष में कदम रखने से कैसे जागृत हुई? **[2]**

2. अपठित काव्यांश

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q1. निम्नलिखित अपठित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **[7]**

ज़िंदगी को
वह गढ़ेंगे जो शिलाएँ तोड़ते हैं,
जो भगीरथ नीर की निर्भय शिराएँ मोड़ते हैं।
यज्ञ को इस शक्ति-श्रम के
श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!

ज़िंदगी को
वे गढ़ेंगे जो खदानें खोदते हैं,
लौह के सोए असुर को कर्म-रथ में जोतते हैं।
यज्ञ को इस शक्ति श्रम के
श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!

ज़िंदगी को
वे गढ़ेंगे जो प्रभंजन हाँकते हैं,
शूरवीरों के चरण से रक्त-रेखा आँकते हैं।
यज्ञ को इस शक्ति-श्रम के
श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!

ज़िंदगी को
वे गढ़ेंगे जो प्रलय को रोकते हैं,
रक्त से रंजित धरा पर शांति का पथ खोजते हैं।
यज्ञ को इस शक्ति-श्रम के
श्रेष्ठतम मैं मानता हूँ !!

मैं नया इंसान हूँ इस यज्ञ में सहयोग दूँगा।
ख़ूबसूरत ज़िंदगी की नौजवानी भोग लूँगा।

(i) प्रस्तुत कविता का मुख्य भाव है : **[1]**

(a) शूरवीरों के साहस की सराहना
(b) नौजवानों की ताकत का सम्मान
(c) किसानों और मजदूरों की प्रशंसा
(d) मेहनती और दृढ़-निश्चयी लोगों का गुणगान

(ii) "मैं नए विचारों से प्रेरित इंसान हूँ। श्रम और मानवता से समाज के निर्माण में सहयोग दूँगा।" यह भाव कविता की किन पंक्तियों में व्यक्त हुआ है? **[1]**

(a) ख़ूबसूरत ज़िंदगी की नौजवानी भोग लूँगा
(b) मैं नया इंसान हूँ इस यज्ञ में सहयोग दूँगा
(c) ज़िंदगी को वह गढ़ेंगे जो शिलाएँ तोड़ते हैं
(d) ज़िंदगी को वे गढ़ेंगे जो प्रभंजन हाँकते हैं

(iii) **अभिकथन (A):** जो लोग कठिनाइयों और बाधाओं को तोड़कर आगे बढ़ते हैं, वे अपने जीवन और समाज को गढ़ने वाले होते हैं।
कारण (R): इतिहास गवाह है कि हमारे महापुरुषों ने मेहनत, धैर्य और संघर्ष के आधार पर सुंदर समाज का निर्माण किया। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) मानव जीवन का श्रेष्ठतम यज्ञ कवि ने किसे माना है और क्यों? **[2]**

(v) यह कविता साहस और संघर्ष का प्रतीक है — कैसे? कविता से उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए। **[2]**

3. रचना के आधार पर वाक्य भेद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'रसूलन और बतूलन जब गाती हैं तब अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा – [SQP 2023-24] **[1]**

(a) रसूलन और बतूलन के गायन से अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।
(b) रसूलन और बतूलन जैसे ही गाती हैं अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।
(c) रसूलन और बतूलन गाती हैं और अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।
(d) रसूलन और बतूलन के गीतों से अमीरुद्दीन को खुशी मिलती है।

Q2. वाक्यों का मिलान कीजिए –
1. सुरेश के आ जाने से सब प्रसन्न हो गए।
2. मैं युवा थी और शीला अग्रवाल की जोशीली बातों ने रगों में बहते खून को लावे में बदल दिया था।
3. कुछ लोग इसलिए दान करते हैं कि उनका नाम हो। [SQP 2023-24] **[1]**

(a) 1 – मिश्र, 2 – सरल, 3 – संयुक्त
(b) 1 – सरल, 2 – संयुक्त, 3 – मिश्र
(c) 1 – मिश्र, 2 – संयुक्त, 3 – सरल
(d) 1 – सरल, 2 – मिश्र, 3 – संयुक्त

Q3. निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य कौन-सा है? [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) उन्होंने हमें देखकर भी अनदेखा किया।
(b) उन्होंने दोनों खीरों के सिर काटे और उन्हें गोदकर झाग निकाला।
(c) दूर तो जाना नहीं था।
(d) बर्थ पर एक सफ़ेदपोश सज्जन बैठे थे जिन्होंने हमारी संगति के लिए कोई उत्साह नहीं दिखाया।

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'यदि तुम पढ़ोगे तो पास हो जाओगे' का सरल रूप 'पढ़ने से तुम पास हो जाओगे' हो सकता है।
कारण (R): सरल वाक्य बनाने पर आश्रित उपवाक्य शब्द या वाक्यांश में बदल जाता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. चैत आया और टेसू के फूल दहकने लगे। (सरल वाक्य में बदलकर लिखिए) [SQP 2026-27] **[1]**

Q6. नवाब साहब ने तौलिया झाड़ा और सामने बिछा लिया। (सरल वाक्य में बदलिए) [SQP 2025-26] **[1]**

Q7. सबसे बड़ी बात है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा नायाब हीरा रहा है। (रेखांकित उपवाक्य 'काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा नायाब हीरा रहा है' का भेद लिखिए) [SQP 2025-26] **[1]**

Q8. खीरे के स्वाद के आनंद में नवाब साहब की पलकें मुँद गईं। (मिश्र वाक्य में बदलिए) [SQP 2024-25] **[1]**

Q9. आँधी के कुछ दूर निकल जाने पर हम लोग घर की ओर दौड़े। (मिश्र वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-S-1 कंपार्टमेंट)] **[1]**

Q10. रेखा दीदी ने कहा कि शोर मत मचाओ। (आश्रित उपवाक्य पहचानिए और उसका भेद भी लिखिए) [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q11. जब उत्साह कविता लिखी गई तब देश आज़ाद नहीं था। (आश्रित उपवाक्य और उसका भेद पहचानकर लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

Q12. पिताजी जो रामनामी बही थी, उसे पाठ करने की पोथी के साथ बाँधकर रख देते। (रेखांकित उपवाक्य 'जो रामनामी बही थी' का भेद लिखिए) [बोर्ड 2026 (3-7-1)] **[1]**

Q13. मुझे विश्वास है कि तुम सफल होगे। (रेखांकित उपवाक्य 'कि तुम सफल होगे' का भेद लिखिए) **[1]**

Q14. यद्यपि वह सेनानी नहीं था पर लोग उसे कैप्टन कहते थे। (सरल वाक्य में बदलिए) [SQP 2019-20] **[1]**

Q15. कल सोते समय मैंने एक सुंदर सपना देखा। (संयुक्त वाक्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q16. नवाब साहब खीरे की तैयारी और इस्तेमाल से थककर लेट गए थे। (रचना के अनुसार वाक्य का भेद पहचानकर लिखिए) [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[1]**

4. वाच्य

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए) [SQP 2023-24] **[1]**

(a) बालगोबिन भगत द्वारा कबीर को 'साहब' माना जाता था।
(b) बालगोबिन भगत द्वारा कबीर को 'साहब' माना जाता है।
(c) बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते हैं।
(d) बालगोबिन भगत से कबीर को 'साहब' माना जाता है।

Q2. 'नवाब साहब द्वारा खीरे पर मसाला छिड़का गया।' – वाक्य किस वाच्य-भेद का उदाहरण है? [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) कर्तृवाच्य (b) भाववाच्य (c) कर्मवाच्य (d) मुख्यवाच्य

Q3. 'भोर में लोगों से बालगोबिन भगत का गीत नहीं सुना गया।' – इस वाक्य में वाच्य है – [SQP 2023-24] **[1]**

(a) कर्मवाच्य
(b) भाववाच्य
(c) कर्तृवाच्य
(d) कर्तृ और कर्म वाच्य दोनों

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'मुझसे चला नहीं जाता' भाववाच्य का उदाहरण है।
कारण (R): भाववाच्य में क्रिया सदैव अन्य पुरुष, पुल्लिंग, एकवचन में रहती है और कर्ता के साथ 'से' लगता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. लेखिका के पिताजी रसोई को भटियारखाना कहते थे। (कर्मवाच्य में बदलिए) [SQP 2026-27] **[1]**

Q6. आराम से सेकंड क्लास में जाने के लिए दाम अधिक लगते हैं। (वाच्य पहचानकर भेद लिखिए) [SQP 2026-27] **[1]**

Q7. मुझसे यह काम नहीं हो सकता। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [SQP 2025-26] **[1]**

Q8. बिना सहारे दादाजी अब चल नहीं पाते हैं। (भाववाच्य में बदलिए) [SQP 2024-25] **[1]**

Q9. ड्राइवर ने ज़ोर से ब्रेक मारे। (कर्मवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[1]**

Q10. कैप्टन नेताजी की मूर्ति पर असली चश्मा लगाता था। (कर्मवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[1]**

Q11. उनसे चला नहीं जा रहा था। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

Q12. राधिका से दौड़ा नहीं गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[1]**

Q13. अब मैं और चल नहीं सकता। (भाववाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-7-1)] **[1]**

Q14. उसके द्वारा गीत नहीं गाया गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [बोर्ड 2026 (3-8-1)] **[1]**

Q15. भाववाच्य की पहचान उदाहरण सहित लिखिए। **[1]**

Q16. मेरे द्वारा समय की पाबंदी पर निबंध लिखा गया। (कर्तृवाच्य में बदलिए) [SQP 2019-20] **[1]**

5. पद परिचय

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'वह स्कूल से अभी-अभी आया है।' — वाक्य में रेखांकित पद 'स्कूल से' का पद-परिचय है : [SQP 2023-24] **[1]**

(a) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, करण कारक
(b) संज्ञा, व्यक्तिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, अपादान कारक
(c) संज्ञा, जातिवाचक, बहुवचन, पुल्लिंग, अपादान कारक
(d) संज्ञा, जातिवाचक, एकवचन, पुल्लिंग, अपादान कारक

Q2. 'हालदार साहब ने पान खाया।' — रेखांकित अंश 'खाया' का पद-परिचय होगा : [SQP 2022-23] **[1]**

(a) अकर्मक क्रिया, सामान्य भूतकाल, कर्तुवाच्य
(b) सकर्मक क्रिया, कर्म-पान, सामान्य भूतकाल, कर्तुवाच्य
(c) प्रेरणार्थक क्रिया, कर्म-पान, सामान्य भूतकाल, कर्तुवाच्य
(d) दुविकर्मक क्रिया, कर्म-पान, हालदार साहब, सामान्य भूतकाल, कर्तुवाच्य

Q3. 'लेखिका के व्यक्तित्व पर उनकी बहनों का बड़ा असर पड़ा।' — रेखांकित पद 'लेखिका' का परिचय है : [बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[1]**

(a) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक
(b) व्यक्तिवाचक संज्ञा, बहुवचन, पुल्लिंग, संबंध कारक
(c) जातिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, संबंध कारक
(d) व्यक्तिवाचक संज्ञा, एकवचन, स्त्रीलिंग, संबंध कारक

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'वह' शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम है।
कारण (R): सर्वनाम संज्ञा के स्थान पर प्रयुक्त होता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'पानवाला नया पान खा रहा था।' (रेखांकित पद: नया) [SQP 2024-25] **[1]**

Q6. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'आज भी भारत में अनेक अभिमन्यु हैं।' (रेखांकित पद: अभिमन्यु) [SQP 2026-27] **[1]**

Q7. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'वाह! भारत ने महिला क्रिकेट विश्व कप जीत लिया।' (रेखांकित पद: वाह) [SQP 2026-27] **[1]**

Q8. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'उनकी अँगुलियाँ खँजड़ी पर लगातार चल रहीं थीं।' (रेखांकित पद: लगातार) [SQP 2025-26] **[1]**

Q9. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'श्याम की अपेक्षा गौरव अधिक योग्य निकला।' (रेखांकित पद: की अपेक्षा) [MS 2016-17] **[1]**

Q10. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'बालगोबिन भगत कबीर के आदर्शों पर चलते थे।' (रेखांकित पद: कबीर) [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[1]**

Q11. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'प्रधानाचार्या जी ने आपको बुलाया है।' (रेखांकित पद: प्रधानाचार्या) [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[1]**

Q12. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'इस विद्यार्थी ने विद्यालय का नाम रोशन किया है।' (रेखांकित पद: इस) [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[1]**

Q13. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'उसने थोड़ा-सा दूध लिया और पी गया।' (रेखांकित पद: थोड़ा-सा) [बोर्ड 2026 द्वितीय (3-8-1)] **[1]**

Q14. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'शाहनी का घर से निकलना छोटी-सी बात नहीं है।' (रेखांकित पद: छोटी-सी) [बोर्ड 2025 (Comptt 3-S-1)] **[1]**

Q15. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'सूर्योदय हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।' (रेखांकित पद: और) [SQP 2018-19] **[1]**

Q16. निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित पद का पद परिचय लिखिए — वाक्य: 'इलाहाबाद में तीन नदियों का संगम है।' (रेखांकित पद: तीन) [SQP 2018-19] **[1]**

6. अलंकार

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'कहीं साँस लेते हो, घर-घर भर देते हो' पंक्ति में निहित अलंकार है – [SQP 2023-24] **[1]**

(a) उपमा (b) रूपक (c) यमक (d) मानवीकरण

Q2. 'जिसके अरुण-कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में। अनुरागिनी उषा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में॥' इन काव्य-पंक्तियों में प्रयुक्त अलंकार है – [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) श्लेष (b) मानवीकरण (c) उत्प्रेक्षा (d) अतिशयोक्ति

Q3. 'अंबर में तारे मानो मोती अनगिनत।' – इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? [बोर्ड 2023 (3-1-1)] **[1]**

(a) उत्प्रेक्षा (b) मानवीकरण (c) रूपक (d) अतिशयोक्ति

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'मुख चंद्र-सा सुंदर है' में उपमा अलंकार है।
कारण (R): इसमें 'सा' वाचक शब्द के द्वारा मुख (उपमेय) की चंद्रमा (उपमान) से तुलना की गई है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'खड़-खड़ करताल बजा, नाच रही बेसुध हवा।' [SQP 2026-27] **[1]**

Q6. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'कोटि कुलिस सम बचनु तुम्हारा।' [SQP 2025-26] **[1]**

Q7. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'बूढ़े पीपल ने आगे बढ़कर जुहार की।' [SQP 2024-25] **[1]**

Q8. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'मेघवन बीच गुलाबी रंग।' [बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[1]**

Q9. निम्नलिखित काव्य-पंक्ति में अलंकार पहचानकर लिखिए : 'हिमकणों से पूर्ण मानो हो गए पंकज नए।' [SQP 2022-23] **[1]**

Q10. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसकी आँखें हरिणी-सी चंचल हैं।' **[1]**

Q11. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसकी मुस्कान भोर-सी उजली है।' **[1]**

Q12. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसका हृदय मोती-सा निर्मल है।' **[1]**

Q13. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसने शब्द-बाण चलाए।' **[1]**

Q14. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसकी चिंता-अग्नि बढ़ती गई।' **[1]**

Q15. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'वह जीवन-पथ का राही है।' **[1]**

Q16. निम्नलिखित पंक्ति में प्रयुक्त अलंकार का नाम लिखिए : 'उसका मुख मानो खिला कमल हो।' **[1]**

7. नेताजी का चश्मा

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'नेताजी का चश्मा' कहानी में कैप्टन कौन था? [SQP 2020-21] **[1]**

(a) हालदार साहब (b) पानवाला (c) चश्मे बेचने वाला (d) ड्राइवर

Q2. नेताजी की मूर्ति पर सरकंडे का चश्मा किसने लगाया था? **[1]**

(a) कैप्टन ने (b) हालदार साहब ने
(c) कस्बे के बच्चों ने (d) नगरपालिका ने

Q3. हालदार साहब कस्बे से कितने समय बाद गुज़रा करते थे? **[1]**

(a) हर सप्ताह (b) हर पंद्रह दिन में
(c) हर महीने (d) हर दो साल में

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** हालदार साहब कैप्टन को देखकर अवाक् रह गए।
कारण (R): उन्होंने कल्पना की थी कि कैप्टन प्रभावशाली व्यक्तित्व का होगा, पर वह बूढ़ा, मरियल और लँगड़ा निकला। [SQP 2020-21; MS 2020-21] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'नेताजी का चश्मा' पाठ के संदर्भ में लिखिए कि पानवाले ने कैप्टन को 'पागल' क्यों कहा? [बोर्ड 2024 (3-1-1); SQP 2020-21] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q6. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई तब भी हालदार साहब उस मूर्ति के बारे में ही सोचते रहे, और अंत में इस निष्कर्ष पर पहुँचे कि कुल मिलाकर कस्बे के नागरिकों का यह प्रयास सराहनीय ही कहा जाना चाहिए। महत्त्व मूर्ति के रंग-रूप या कद का नहीं, उस भावना का है वरना तो देशभक्ति भी आजकल मज़ाक की चीज़ होती जा रही है। दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुज़रे तो उन्हें मूर्ति में कुछ अंतर दिखाई दिया। ध्यान से देखा तो पाया कि चश्मा दूसरा है। पहले मोटे फ्रेमवाला चौकोर चश्मा था, अब तार के फ्रेमवाला गोल चश्मा है। हालदार साहब का कौतूहल और बढ़ा। वाह भई क्या आइडिया है। मूर्ति कपड़े नहीं बदल सकती लेकिन चश्मा तो बदल ही सकती है।

(i) 'जीप कस्बा छोड़कर आगे बढ़ गई' अर्थात् **[1]**

(a) जीप कस्बे से आगे की ओर बढ़ गई। (b) जीप कस्बे में रुककर आगे बढ़ गई।
(c) जीप कस्बे में रुक गई। (d) जीप कस्बे में नहीं गई।

(ii) हालदार साहब किसके विषय में सोचते रहे? **[1]**

(a) नेताजी के बारे में (b) मूर्ति के बारे में
(c) चौराहे के बारे में (d) कस्बे के बारे में

(iii) 'वरना तो देशभक्ति भी आजकल मज़ाक की चीज़ होती जा रही है।' से आशय है – **[1]**

(a) आजकल देशभक्त होना संभव नहीं है।
(b) आजकल देशभक्त होना हास्यास्पद हो गया है।
(c) आजकल सभी देशभक्त हो गए हैं।
(d) आजकल देशभक्ति की प्रासंगिकता नहीं है।

(iv) दूसरी बार जब हालदार साहब उधर से गुज़रे तो उन्हें मूर्ति में क्या अंतर दिखाई दिया? **[1]**

(a) मूर्ति पर कोई चश्मा नहीं था। (b) मूर्ति पर पुराना चश्मा था।
(c) मूर्ति पर एक नया चश्मा था। (d) मूर्ति क्षतिग्रस्त थी।

(v) 'नेताजी का चश्मा' पाठ – **[1]**

(a) देशभक्ति के भाव पर व्यंग्य करता है।
(b) देशभक्ति की प्रासंगिकता पर सवाल उठाता है।
(c) देशभक्ति के महत्त्व को स्थापित करता है।
(d) देशभक्ति के प्रति उम्मीद जगाता है।

8. बालगोबिन भगत

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. बालगोबिन भगत किसे 'साहब' मानते थे? [SQP 2020-21; बोर्ड 2024 Comptt] **[1]**

(a) गाँव के मुखिया को
(b) कबीर को
(c) तुलसीदास को
(d) अपने बेटे को

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** बालगोबिन भगत ने अपने बेटे की चिता को अग्नि पतोहू से दिलवाई।
कारण (R): भगत रूढ़िवादी परंपराओं को नहीं मानते थे और नारी को सम्मान देना चाहते थे। [SQP 2025-26] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. 'बुढ़ापा आ गया था, किंतु टेक वही जवानीवाली' – 'बालगोबिन भगत' पाठ के आधार पर इस कथन का आशय स्पष्ट कीजिए। [SQP 2026-27; MS 2026-27] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

ऊपर की तसवीर से यह नहीं माना जाए कि बालगोबिन भगत साधु थे। नहीं, बिलकुल गृहस्थ! उनकी गृहिणी की तो मुझे याद नहीं, उनके बेटे और पतोहू को तो मैंने देखा था। थोड़ी खेतीबारी भी थी, एक अच्छा साफ़-सुथरा मकान भी था। किंतु, खेतीबारी करते, परिवार रखते भी, बालगोबिन भगत साधु थे - साधु की सब परिभाषाओं में खरे उतरने वाले। कबीर को 'साहब' मानते थे, उन्हीं के गीतों को गाते, उन्हीं के आदेशों पर चलते। कभी झूठ नहीं बोलते, खरा व्यवहार रखते। किसी से भी दो-टूक बात करने में संकोच नहीं करते, न किसी से खामखाह झगड़ा मोल लेते। किसी की चीज़ नहीं छूते, न बिना पूछे व्यवहार में लाते। इस नियम को कभी-कभी इतनी बारीकी तक ले जाते कि लोगों को कुतूहल होता! - कभी वह दूसरे के खेत में शौच के लिए भी नहीं बैठते! वह गृहस्थ थे; लेकिन उनकी सब चीज़ 'साहब' की थी। जो कुछ खेत में पैदा होता, सिर पर लादकर पहले उसे साहब के दरबार में ले जाते - जो उनके घर से चार कोस दूर पर था - एक कबीरपंथी मठ से मतलब! वह दरबार में 'भेंट' रूप रख लिया जाकर 'प्रसाद' रूप में जो उन्हें मिलता, उसे घर लाते और उसी से गुज़र चलाते!

(i) लेखक बालगोबिन भगत के परिवार के सदस्यों में से किससे परिचित नहीं थे? **[1]**

(a) बेटे से (b) पुत्रवधू से (c) पत्नी से (d) किसी से नहीं

(ii) बालगोबिन भगत के कौन-से कार्य लोगों के लिए अचरज का कारण बने?
I. खामखाह झगड़ा मोल लेना
II. किसी की चीज़ को बिना पूछे इस्तेमाल करना
III. स्पष्टवादी होना और नियमों का बारीकी से पालन करना
IV. किसी के खेत में शौच के लिए जाना **[1]**

(a) I और II (b) II और IV (c) केवल III (d) I और IV

(iii) बालगोबिन भगत किनके आदेशों का अनुपालन करते थे? **[1]**

(a) कबीर के (b) दरबार के (c) दोनों के (d) लेखक के

(iv) बालगोबिन भगत को साधु कहा गया है – **[1]**

(a) कबीर को साहब मानने के कारण
(b) कबीर के गीत गाने के कारण
(c) अपनी फ़सल मठ में अर्पित करने के कारण
(d) गृहस्थ होते हुए निर्लिप्त जीवन व्यतीत करने के कारण

(v) **अभिकथन (A):** बालगोबिन भगत कबीर के गीत गाते और उनके आदेशों का अनुपालन करते थे।
कारण (R): बालगोबिन भगत कबीर को 'साहब' मानते थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

9. लखनवी अंदाज़

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखक ने सेकंड क्लास का टिकट क्यों खरीदा? [बोर्ड 2022 (3-1-1); बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[1]**

(a) सस्ता होने के कारण
(b) भीड़ से बचकर एकांत में नई कहानी के बारे में सोचने और खिड़की से प्राकृतिक दृश्य देखने के लिए
(c) नवाब साहब से मिलने के लिए
(d) टिकट-बाबू के आग्रह पर

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** नवाब साहब ने लेखक के आने पर कोई उत्साह नहीं दिखाया।
कारण (R): नवाब साहब को एकांत में खीरा खाने की तैयारी में बाधा पहुँची और वे साधारण खीरे के साथ देखे जाने में संकोच कर रहे थे। [बोर्ड 2023 (3-1-1); बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. 'लखनवी अंदाज़' शीर्षक की सार्थकता तर्क सहित सिद्ध कीजिए। [SQP 2021-22 Term-II; MS 2021-22 Term-II] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

नवाब साहब ने खीरे की सब फाँकों को खिड़की के बाहर फेंककर तौलिए से हाथ और होंठ पोंछ लिए और गर्व से गुलाबी आँखों से हमारी ओर देख लिया, मानो कह रहे हों - यह है खानदानी रईसों का तरीका! नवाब साहब खीरे की तैयारी और इस्तेमाल से थककर लेट गए। हमें तसलीम में सिर खम कर लेना पड़ा - यह है खानदानी तहज़ीब, नफ़ासत और नज़ाकत! हम गौर कर रहे थे, खीरा इस्तेमाल करने के इस तरीके को खीरे की सुगंध और स्वाद की कल्पना से संतुष्ट होने का सूक्ष्म, नफ़ीस या एब्सट्रेक्ट तरीका ज़रूर कहा जा सकता है परंतु क्या ऐसे तरीके से उदर की तृप्ति भी हो सकती है? नवाब साहब की ओर से भरे पेट के ऊँचे डकार का शब्द सुनाई दिया और नवाब साहब ने हमारी ओर देखकर कह दिया, 'खीरा लज़ीज़ होता है लेकिन होता है सकील, नामुराद मेदे पर बोझ डाल देता है।'

(i) नवाब साहब ने खीरे की फाँकों का क्या किया? **[1]**

(a) खा लिया
(b) खिड़की के बाहर फेंक दिया
(c) लेखक को दे दिया
(d) तौलिए में लपेट लिया

(ii) 'गर्व से गुलाबी आँखों से हमारी ओर देख लिया' – इस कथन से नवाब साहब के बारे में पता चलता है कि वे – **[1]**

(a) अपने तरीके पर गर्व और श्रेष्ठता का भाव रखते थे
(b) लेखक से भयभीत थे
(c) पश्चाताप कर रहे थे
(d) क्रोधित थे

(iii) 'हमें तसलीम में सिर खम कर लेना पड़ा' का आशय है – **[1]**

(a) हमें थककर सो जाना पड़ा
(b) हमें नवाब साहब के आगे नतमस्तक होना पड़ा
(c) हमें क्षमा माँगनी पड़ी
(d) हमें सिर झुकाकर बाहर देखना पड़ा

(iv) लेखक ने खीरे के इस्तेमाल के तरीके को क्या कहा? **[1]**

(a) सूक्ष्म, नफ़ीस या एब्सट्रेक्ट तरीका
(b) साधारण और स्वाभाविक तरीका
(c) बिना कला का तरीका
(d) पुराना और अप्रचलित तरीका

(v) **अभिकथन (A):** नवाब साहब ने खीरे को सूँघकर फेंकने के बाद उसे 'नामुराद मेदे पर बोझ' बताया।
कारण (R): वे अपनी रईसी की शान बनाए रखने के लिए खीरा न खाने का बहाना बना रहे थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

10. एक कहानी यह भी

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखिका मन्नू भंडारी को साधारण से असाधारण बनाने में किसकी भूमिका महत्त्वपूर्ण रही? **[1]**

(a) शीला अग्रवाल की (b) सुशीला की (c) डॉ. अंबालाल की (d) माँ की

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** मन्नू भंडारी के पिता दरियादिल स्वभाव के थे।
कारण (R): खुशहाली के दिनों में वे विद्यार्थियों को अपने घर रखकर पढ़ाते थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. लेखिका मन्नू भंडारी को साधारण से असाधारण बनाने में 'शीला अग्रवाल' की भूमिका पर 'एक कहानी यह भी' पाठ के आधार पर प्रकाश डालिए। (लगभग 25-30 शब्दों में) [SQP 2026-27 (II); SQP 2024-25 (ग); बोर्ड 2023 Comptt (3-C-1) (घ)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

आज़ाद हिंद फ़ौज के मुकदमे का सिलसिला था। सभी कॉलेजों, स्कूलों, दुकानों के लिए हड़ताल का आह्वान था। जो-जो नहीं कर रहे थे, छात्रों का एक बहुत बड़ा समूह वहाँ जा-जाकर हड़ताल करवा रहा था। शाम को अजमेर का पूरा विद्यार्थी-वर्ग चौपड़ (मुख्य बाज़ार का चौराहा) पर इकट्ठा हुआ और फिर हुई भाषणबाज़ी। इस बीच पिताजी के एक निहायत दकियानूसी मित्र ने घर आकर अच्छी तरह पिताजी की लू उतारी, अरे! उस मन्नू की तो मत मारी गई है पर भंडारी जी आपको क्या हुआ? ठीक है, आपने लड़कियों को आज़ादी दी, पर देखते आप, जाने कैसे-कैसे उलटे-सीधे लड़कों के साथ हड़तालें करवाती, हुड़दंग मचाती फिर रही है वह। हमारे-आपके घरों की लड़कियों को शोभा देता है यह सब? कोई मान-मर्यादा, इज़्ज़त-आबरू का खयाल भी रह गया है आपको या नहीं? वे तो आग लगाकर चले गए और पिताजी सारे दिन भभकते रहे, "बस, अब यही रह गया है कि लोग घर आकर थू-थू करके चले जाएँ। बंद करो अब इस मन्नू का घर से बाहर निकलना।"

(i) "बंद करो अब इस मन्नू का घर से बाहर निकलना।" यह निर्देश किसे दिया गया है? **[1]**

(a) माँ को (b) भाई को (c) पिताजी को (d) बहन को

(ii) पिताजी के भभकने का क्या कारण था? **[1]**

(a) मन्नू का हड़तालादि में भाग लेना।
(b) मन्नू की गतिविधियों पर माँ की असहमति।
(c) पिताजी के मित्र द्वारा मन्नू की शिकायत।
(d) पिताजी की स्वयं ही मन्नू से नाराज़गी।

(iii) हड़ताल का आह्वान क्यों किया जा रहा था? **[1]**

(a) आज़ाद हिंद फ़ौज के मुकदमे के विरोध में।
(b) भारत के लिए पूर्ण स्वराज की माँग के लिए।
(c) छात्रों के लिए बेहतर अधिकार और सुविधाओं की माँग के लिए।
(d) कॉलेज प्रशासन द्वारा छात्रों के खिलाफ़ कार्यवाही के विरोध में।

(iv) पिताजी के मित्र ने मन्नू की किस गतिविधि पर आपत्ति की? **[1]**

(a) पढ़ाई में कमज़ोर होने पर
(b) उलटे-सीधे लड़कों के साथ हड़तालें करवाने और हुड़दंग मचाने पर
(c) घर का काम न करने पर
(d) गाना गाने पर

(v) **अभिकथन (A):** डॉ. अंबालाल जी के आने पर मन्नू का बड़ी गर्मजोशी से स्वागत किया गया।
कारण (R): डॉ. अंबालाल पिताजी के बेहद अंतरंग और अभिन्न मित्र थे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

11. नौबतखाने में इबादत

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. अमीरुद्दीन को रसूलनबाई और बतूलनबाई के घरवाला रास्ता क्यों पसंद था? [SQP 2023-24; MS 2023-24] **[1]**

(a) संगीत के प्रति असीम रुचि के कारण।
(b) संगीत के प्रति अरुचि के कारण।
(c) वह छोटा रास्ता था।
(d) वह रास्ता साफ-सुथरा था।

Q2. 'नौबतखाने में इबादत' पाठ के लेखक कौन हैं? **[1]**

(a) यतींद्र मिश्र
(b) रामवृक्ष बेनीपुरी
(c) स्वयं प्रकाश
(d) मन्नू भंडारी

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** बिस्मिल्ला खाँ अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित थे।
कारण (R): उनकी श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार थी। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. बिस्मिल्ला खाँ कला के अनन्य उपासक थे। तर्क सहित उत्तर दीजिए। [SQP 2016-17; MS 2016-17] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

काशी में संगीत आयोजन की एक प्राचीन एवं अद्भुत परंपरा है। यह आयोजन पिछले कई बरसों से संकटमोचन मंदिर में होता आया है। यह मंदिर शहर के दक्षिण में लंका पर स्थित है व हनुमान जयंती के अवसर पर यहाँ पाँच दिनों तक शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन-वादन की उत्कृष्ट सभा होती है। इसमें बिस्मिल्ला खाँ अवश्य रहते हैं। अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार है। वे जब भी काशी से बाहर रहते हैं तब विश्वनाथ व बालाजी मंदिर की दिशा की ओर मुँह करके बैठते हैं, थोड़ी देर ही सही, मगर उसी ओर शहनाई का प्याला घुमा दिया जाता है और भीतर की आस्था रीड के माध्यम से बजती है।

(i) काशी के संकटमोचन मंदिर में आयोजित संगीत आयोजन की विशेषता है – कथन के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए : I. यह आयोजन हनुमान जयंती के अवसर पर होता है। II. यह आयोजन पाँच दिनों तक चलता है। III. यह प्राचीन संस्कृति है। IV. शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय गायन-वादन होता है। **[1]**

(a) कथन I और II सही हैं।
(b) कथन I, III और IV सही हैं।
(c) केवल कथन III सही है।
(d) कथन I, II और IV सही हैं।

(ii) **अभिकथन (A):** बिस्मिल्ला खाँ मिली-जुली संस्कृति के प्रतीक थे।
कारण (R): अपने मजहब के प्रति अत्यधिक समर्पित उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ की श्रद्धा काशी विश्वनाथ जी के प्रति भी अपार थी। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iii) काशी से बाहर के कार्यक्रमों में बिस्मिल्ला खाँ किनके प्रति अपनी आस्था प्रकट करते थे? **[1]**

(a) काशी विश्वनाथ के प्रति
(b) काशी विश्वनाथ और बालाजी के प्रति
(c) अपने माता-पिता के प्रति
(d) अपने गुरु के प्रति

(iv) काशी की अद्भुत और प्राचीन परंपरा कौन-सी है? **[1]**

(a) संगीत आयोजन की
(b) पर्वों के आयोजन की
(c) गंगा-मेले के आयोजन की
(d) पशु-मेले के आयोजन की

(v) इस गद्यांश का मूल भाव क्या है? उचित विकल्प का चयन कीजिए : I. काशी की सांस्कृतिक परंपरा को दर्शाना। II. बिस्मिल्ला खाँ के सांप्रदायिक सद्भाव को दर्शाना। III. बिस्मिल्ला खाँ की संगीत के प्रति आसक्ति को दर्शाना। IV. बिस्मिल्ला खाँ के काशी के प्रति प्रेम को दर्शाना। **[1]**

(a) कथन I और II सही हैं।
(b) कथन I, III और IV सही हैं।
(c) केवल कथन III सही है।
(d) कथन I, II और IV सही हैं।

12. संस्कृति

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखक के अनुसार 'संस्कृति' क्या है? **[1]**

(a) समाज विशेष के रीति-रिवाज
(b) व्यक्ति विशेष की योग्यता, प्रवृत्ति अथवा प्रेरणा
(c) किसी देश की भौगोलिक पहचान
(d) तैयार वस्तुओं का संग्रह

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q2. सच्चे अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है? 'संस्कृति' पाठ के आधार पर तर्क सहित स्पष्ट कीजिए। [SQP 2022-23; SQP 2023-24; बोर्ड 2023 (3-1-1); बोर्ड 2026 (3-2-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q3. निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

एक संस्कृत व्यक्ति किसी नयी चीज़ की खोज करता है; किंतु उसकी संतान को वह अपने पूर्वज से अनायास ही प्राप्त हो जाती है। जिस व्यक्ति की बुद्धि ने अथवा उसके विवेक ने किसी भी नए तथ्य का दर्शन किया, वह व्यक्ति ही वास्तविक संस्कृत व्यक्ति है और उसकी संतान जिसे अपने पूर्वज से वह वस्तु अनायास ही प्राप्त हो गई है, वह अपने पूर्वज की भाँति सभ्य भले ही बन जाए, संस्कृत नहीं कहला सकता। एक आधुनिक उदाहरण लें। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार किया। वह संस्कृत मानव था। आज के युग का भौतिक विज्ञान का विद्यार्थी न्यूटन के गुरुत्वाकर्षण से तो परिचित है ही; लेकिन उसके साथ उसे और भी अनेक बातों का ज्ञान प्राप्त है जिनसे शायद न्यूटन अपरिचित ही रहा। ऐसा होने पर भी हम आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन की अपेक्षा अधिक सभ्य भले ही कह सकें; पर न्यूटन जितना संस्कृत नहीं कह सकते।

(i) संस्कृत व्यक्ति की संतान को लेखक ने किसकी संज्ञा दी है? **[1]**

(a) सुसंस्कृत मानव (b) सभ्य मानव (c) सुयोग्य मानव (d) समृद्ध मानव

(ii) लेखक के अनुसार प्रस्तुत गद्यांश में एक 'संस्कृत' व्यक्ति कौन है? **[1]**

(a) जो संस्कृत विषय का विशेषज्ञ हो
(b) जो नयी वस्तुओं का उपयोग करता हो
(c) जो अनेक बातों का ज्ञान रखता हो
(d) जो किसी नयी चीज़ की खोज करता हो

(iii) **अभिकथन (A):** लेखक ने 'संस्कृत' व्यक्ति की संतान को 'संस्कृत' नहीं माना है।
कारण (R): 'संस्कृत' व्यक्ति की संतान ने किसी नयी चीज़ की खोज नहीं की, बल्कि उसे वह वस्तु अपने पूर्वजों से अनायास ही प्राप्त हो गई है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) प्रस्तुत गद्यांश के अनुसार कौन-सा कथन / कौन-से कथन सही हैं? उचित विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए -
(i) न्यूटन गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत का आविष्कार करने के कारण संस्कृत मानव कहलाए।
(ii) आज भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को न्यूटन के समान संस्कृत कह सकते हैं।
(iii) आज का विद्यार्थी न्यूटन के सिद्धांत के साथ-साथ अन्य बातों का भी ज्ञान रखता है।
(iv) आज के भौतिक विज्ञान के विद्यार्थी को अधिक सभ्य नहीं माना जा सकता है। **[1]**

(a) कथन (i) और (ii) सही हैं
(b) केवल कथन (iii) सही है
(c) कथन (i) और (iv) सही हैं
(d) कथन (i) और (iii) सही हैं

(v) एक संस्कृत व्यक्ति में आम लोगों से अलग कौन-से गुण होते हैं? उचित विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए -
(i) नई खोज करना
(ii) संस्कृति का सम्मान करना
(iii) साहसी और परिश्रमी होना
(iv) अपनी बुद्धि, विवेक के बल पर आविष्कार करना **[1]**

(a) विकल्प (i) और (iv) सही हैं
(b) केवल विकल्प (iii) सही है
(c) विकल्प (i) और (ii) सही हैं
(d) विकल्प (i), (ii) और (iv) सही हैं

13. सूरदास — पद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. गोपियों के अनुसार किसने राजनीति की शिक्षा प्राप्त कर ली है? [SQP 2021-22 (Term 1)] **[1]**

(a) कंस ने (b) नंद ने (c) श्रीकृष्ण ने (d) उद्धव ने

Q2. सूरदास के पदों में उद्धव की तुलना किससे नहीं की गई है? [बोर्ड 2024 (3-3-1)] **[1]**

(a) हारिल पक्षी की लकड़ी से
(b) तेल की गगरी से
(c) मधुकर (भौंरे) से
(d) कमल के पत्ते से

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q3. **अभिकथन (A):** गोपियों ने 'बड़भागी' शब्द का प्रयोग व्यंग्य में किया है।
कारण (R): उद्धव कृष्ण के निकट रहकर भी प्रेम के अनुभव से वंचित रहे। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q4. 'सूरदास के पद' के आधार पर लिखिए कि उद्धव गोपियों की मनोदशा क्यों नहीं समझ सके? [SQP 2019-20; MS 2019-20] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q5. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

ऊधौ, तुम हौ अति बड़भागी।
अपरस रहत सनेह तगा तैं, नाहिन मन अनुरागी।
पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी।
ज्यौं जल माहँ तेल की गागरि, बूँद न ताकौं लागी।
प्रीति-नदी में पाऊँ न बोरयौ, दृष्टि न रूप परागी।
'सूरदास' अबला हम भोरी, गुर चाँटी ज्यौं पागी॥

(i) उपर्युक्त पद में वक्ता और श्रोता क्रमशः हैं : **[1]**

(a) उद्धव – गोपियाँ (b) गोपियाँ – उद्धव (c) सूरदास – उद्धव (d) गोपियाँ – सूरदास

(ii) 'पुरइनि पात रहत जल भीतर, ता रस देह न दागी' – पंक्ति किस स्थिति की ओर संकेत करती है? **[1]**

(a) उद्धव के कृष्ण-प्रेम में डूब जाने की
(b) गोपियों के कृष्ण-प्रेम से अछूती रहने की
(c) कमल के पत्ते के जल में डूब जाने की
(d) उद्धव के कृष्ण-प्रेम से अप्रभावित रहने की

(iii) **अभिकथन (A):** गोपियों ने व्यंग्य कसते हुए उद्धव को भाग्यशाली कहा है।
कारण (R): कृष्ण के सान्निध्य में रहते हुए भी उद्धव के मन में कृष्ण के प्रति अनुराग उत्पन्न नहीं हुआ। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) 'गुर चाँटी ज्यौं पागी' पंक्ति में कौन किसका प्रतीक है? **[1]**

(a) गुर (गुड़) उद्धव का, चाँटी (चींटी) सूरदास की
(b) गुर (गुड़) उद्धव का, चाँटी (चींटी) श्रीकृष्ण की
(c) गुर (गुड़) श्रीकृष्ण का, चाँटी (चींटी) गोपियों की
(d) गुर (गुड़) गोपियों का, चाँटी (चींटी) उद्धव की

(v) उद्धव के व्यवहार की तुलना गोपियों ने किससे की है? **[1]**

(a) कमल के पत्ते और तेल से चुपड़ी गागर से
(b) गुड़ से चिपटी चींटी से
(c) प्रीति की नदी से
(d) हारिल की लकड़ी से

14. तुलसीदास — राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. परशुराम के क्रोधित होने का कारण था : [बोर्ड 2023 (3-4-1)] **[1]**

(a) उनके आराध्य शिव के धनुष का टूट जाना
(b) सीता-स्वयंवर में राम-लक्ष्मण का पहुँचना
(c) राम-लक्ष्मण द्वारा प्रश्नों का उत्तर न देना
(d) सभा में उनका अपमान होना

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q2. परशुराम ने धनुष तोड़ने वाले के विषय में पूछा तो श्रीराम ने 'धनुष मेरे द्वारा टूटा है' सीधा उत्तर न देकर ऐसा क्यों कहा कि 'धनुष तोड़ने वाला आपका कोई दास होगा'? [SQP 2019-20; MS 2019-20] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q3. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

नाथ संभुधनु भंजनिहारा। होइहि केउ एक दास तुम्हारा॥
आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही॥
सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई॥
सुनहु राम जेहिं सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा॥
सो बिलगाउ बिहाइ समाजा। न त मारे जैहहिं सब राजा॥
सुनि मुनिबचन लखन मुसुकाने। बोले परसुधरहि अवमाने॥
बहु धनुहीं तोरीं लरिकाईं। कबहुँ न असि रिस कीन्हि गोसाईं॥
एहि धनु पर ममता केहि हेतू। सुनि रिसाइ कह भृगुकुलकेतू॥

(i) राम ने स्वयं को परशुराम का सेवक (दास) क्यों बताया? **[1]**

(a) वे परशुराम के क्रोध से डर गए थे
(b) वे परशुराम का क्रोध शांत करना चाहते थे
(c) वे उम्र में परशुराम से बहुत छोटे थे
(d) वे व्यंग्य में उनसे ऐसा कह रहे थे

(ii) परशुराम के क्रोध का क्या कारण था? **[1]**

(a) उनके आराध्य गुरु शिव का धनुष टूट जाना
(b) सभा में उन्हें न बुलाया जाना
(c) लक्ष्मण की धृष्टता भरी बातें
(d) राम की अभिमान भरी बातें

(iii) लक्ष्मण ने 'बहु धनुहीं तोरीं लरिकाईं' कहकर क्या जताना चाहा? **[1]**

(a) वे बचपन से धनुष तोड़ने के अभ्यासी हैं
(b) शिव का धनुष बहुत कमज़ोर था
(c) राम ने जान-बूझकर धनुष तोड़ा
(d) धनुष टूटने जैसी साधारण बात पर इतना क्रोध अनुचित है

(iv) परशुराम की बातें सुनकर लक्ष्मण मुसकुराने क्यों लगे? **[1]**

(a) स्वयं पर नियंत्रण न रख पाने के कारण
(b) परशुराम से डर जाने के कारण
(c) परशुराम के क्रोध और धमकी को गंभीरता से न लेने के कारण
(d) राम के आदेश के कारण

(v) **अभिकथन (A):** परशुराम राजा जनक की सभा में खंडित धनुष को देखकर आपे से बाहर हो जाते हैं।
कारण (R): अपने आराध्य शिव के धनुष को टूटा देख वे स्वयं पर नियंत्रण नहीं रख पाते। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

15. जयशंकर प्रसाद — आत्मकथ्य

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की' – यहाँ कवि ने स्मृति को क्या कहा है? [बोर्ड 2023 Comptt (3-C-1)] **[1]**

(a) थके हुए यात्री के मार्ग का सहारा (संबल)
(b) यात्री का बोझ
(c) यात्री की थकान का कारण
(d) यात्री का मित्र

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q2. **अभिकथन (A):** कवि आत्मकथा लिखने से बचना चाहता है।
कारण (R): वह अपनी निजी पीड़ा और प्रेम-स्मृतियों को सार्वजनिक उपहास का विषय नहीं बनाना चाहता। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q3. आत्मकथा सुनाने के संदर्भ में 'अभी समय भी नहीं' कवि ऐसा क्यों कहता है? [SQP 2023-24; MS 2023-24] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q4. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

मधुप गुन-गुनाकर कह जाता कौन कहानी यह अपनी,
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन-इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य-मलिन उपहास
तब भी कहते हो-कह डालूँ दुर्बलता अपनी बीती।
तुम सुनकर सुख पाओगे, देखोगे-यह गागर रीती।
किंतु कहीं ऐसा न हो कि तुम ही खाली करने वाले-
अपने को समझो, मेरा रस ले अपनी भरने वाले।
यह विडंबना! अरी सरलते तेरी हँसी उड़ाऊँ मैं।
भूलें अपनी या प्रवंचना औरों की दिखलाऊँ मैं।
उज्ज्वल गाथा कैसे गाऊँ, मधुर चाँदनी रातों की।
अरे खिल-खिला कर हँसते होने वाली उन बातों की।

(i) 'मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ' किसका प्रतीक है? **[1]**

(a) जीवन की नश्वरता का
(b) उपहास और परिहास का
(c) जीवन की बाधाओं का
(d) जीवन की अनंतता का

(ii) 'तुम सुनकर सुख पाओगे' – इस काव्य-पंक्ति में 'तुम' किसके लिए प्रयुक्त हुआ है? **[1]**

(a) कवि के लिए (b) मित्रों के लिए (c) प्रेयसी के लिए (d) किसी के लिए नहीं

(iii) 'रीती गागर' से क्या अभिप्राय है? **[1]**

(a) धन-संपत्ति का अभाव होना
(b) जीवन में कोई अपना न होना
(c) जीवन में कोई भाव न होना
(d) विशिष्ट उपलब्धियों का न होना

(iv) काव्यांश में 'मधुप' का प्रयोग किस अर्थ में किया गया है? **[1]**

(a) संसार रूपी भ्रमर के अर्थ में
(b) लोलुप मित्रों के अर्थ में
(c) कवि के मन रूपी भ्रमर के अर्थ में
(d) कविता के पाठकों के अर्थ में

(v) **अभिकथन (A):** कवि अपने जीवन की दुर्बलता समाज के सामने नहीं लाना चाहता।
कारण (R): लोगों के बीच कटाक्षपूर्ण मज़ाक बनने का भय है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

16. निराला — उत्साह; अट नहीं रही है

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'उत्साह' कविता के कवि कौन हैं? **[1]**

(a) जयशंकर प्रसाद
(b) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
(c) नागार्जुन
(d) मंगलेश डबराल

Q2. 'अट नहीं रही है' कविता में फागुन को किस रूप में देखा गया है? **[1]**

(a) एक मित्र के रूप में
(b) एक साधक के रूप में
(c) कवि के प्रिय के रूप में
(d) एक योद्धा के रूप में

Q3. 'उत्साह' कविता में 'विश्व-हितेश' का अर्थ है – **[1]**

(a) विश्व का संचालक
(b) विश्व का स्वामी
(c) विश्व का कल्याण चाहने वाला
(d) विश्व का नाश करने वाला

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'उत्साह' कविता में बादलों से गरजने का आह्वान बार-बार दोहराया गया है।
कारण (R): गर्जना क्रांति और विद्रोह का प्रतीक है, जो जड़ समाज को चौंका कर बदल देती है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'उत्साह' कविता के शीर्षक की सार्थकता तर्क सहित स्पष्ट कीजिए। [SQP 2017-18; SQP 2021-22 Term 2; MS 2017-18; MS 2021-22 Term 2] **[2]**

Q6. 'सामाजिक क्रांति में साहित्य की भूमिका महत्त्वपूर्ण होती है।' 'उत्साह' कविता के आधार पर इस कथन की समीक्षा कीजिए। [SQP 2018-19; MS 2018-19] **[2]**

Q7. 'अट नहीं रही है' कविता के आधार पर लिखिए कि फागुन का व्यक्ति के मन-मस्तिष्क पर क्या प्रभाव पड़ता है? [बोर्ड 2022 (3-1-1); बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[2]**

Q8. 'उत्साह' कविता में निराला बादल को 'कविता' एवं 'नवजीवन वाले' कहकर क्यों संबोधित किया है? [बोर्ड 2023 (3-C-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।

कहीं साँस लेते हो,
घर-घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम
पर-पर कर देते हो,
आँख हटाता हूँ तो
हट नहीं रही है।

पत्तों से लदी डाल
कहीं हरी, कहीं लाल,
कहीं पड़ी है उर में
मंद-गंध-पुष्प-माल,
पाट-पाट शोभा-श्री
पट नहीं रही है।

(i) 'अट नहीं रही है' कविता में किस ऋतु के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन किया गया है? **[1]**

(a) चैत्र माह में आने वाली ग्रीष्म ऋतु का वर्णन
(b) चैत्र माह में आने वाली वर्षा ऋतु का वर्णन
(c) फागुन माह में आने वाली वसंत ऋतु का वर्णन
(d) फागुन माह में आने वाली वर्षा ऋतु का वर्णन

(ii) फागुन माह में प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं? सही विकल्प/विकल्पों का चयन कीजिए –
(i) नव पल्लवों से युक्त डालियाँ
(ii) अनगिनत रंग-बिरंगे सुगंधित पुष्प
(iii) प्रकृति का सौंदर्य चरम सीमा पर
(iv) आकाश में बादलों का छाना **[1]**

(a) कथन (i) और (ii) सही हैं
(b) केवल कथन (iii) सही है
(c) कथन (i) और (iv) सही हैं
(d) कथन (i), (ii) और (iii) सही हैं

(iii) **अभिकथन (A):** आभा फागुन की तन सट नहीं रही है।
कारण (R): फाल्गुन की सुंदरता इतनी अधिक है कि वह धरती पर समा नहीं पा रही है और चारों ओर बिखरी हुई है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(iv) यह कविता कवि के किस प्रेम को दर्शाती है? **[1]**

(a) देश प्रेम (b) प्रकृति प्रेम (c) कला प्रेम (d) मानव प्रेम

(v) 'आँख हटाता हूँ तो हट नहीं रही है' – कवि किसकी ओर से अपनी आँख हटा नहीं पा रहा है? **[1]**

(a) प्राकृतिक सौंदर्य की ओर से
(b) काले बादलों की ओर से
(c) ऊँचे पहाड़ों की ओर से
(d) हरे-भरे पेड़ों की ओर से

17. नागार्जुन — यह दंतुरित मुसकान, फसल

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. 'अपरिचय की दृष्टि से एकटक देखना' भाव इन किन पंक्तियों में व्यक्त हुआ है? [बोर्ड 2023 (3-2-1)] **[1]**

(a) क्या हुआ यदि हो सके परिचित न पहली बार?
(b) तुम मुझे पाए नहीं पहचान? देखते ही रहोगे अनिमेष!
(c) थक गए हो? आँख लूँ मैं फेर?
(d) यदि तुम्हारी माँ न माध्यम बनी होती आज

Q2. 'मृतक में भी डाल देगी जान' पंक्ति में 'मृतक' से अभिप्राय है : [बोर्ड 2025 Comptt (3-S-1)] **[1]**

(a) मरा हुआ व्यक्ति
(b) स्वार्थी व्यक्ति
(c) आलसी व्यक्ति
(d) संवेदनहीन व्यक्ति

Q3. 'उसे यदि जानते तो तुमसे भी, रंग जाती एक ऋतु' पंक्तियों में क्या जानने की बात की जा रही है? [बोर्ड 2024 Comptt (3-S-1)] **[1]**

(a) जीवन का सौंदर्य परिश्रम में ही है
(b) वसंत ऋतु का सौंदर्य फूलों में है
(c) फूलों की विकास प्रक्रिया कठिन है
(d) संसार सभी के सहयोग से चलता है

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** शिशु की मनोहारी मुसकान देखकर कवि के हृदय में सौंदर्य और कोमलता का संचार हो गया।
कारण (R): शिशु की दंतुरित मुसकान की सुंदरता कठोर मन को पिघला देती है। [बोर्ड 2025 Comptt (3-S-1)] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बच्चे और कवि के बीच का संबंध मुख्यतः संवादहीन है, फिर भी अत्यंत गहन और भावपूर्ण है। कविता के आधार पर तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए। [SQP 2026-27 (खंड ग, प्र. 10 III)] **[2]**

Q6. 'पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण' पंक्ति का आशय स्पष्ट कीजिए। [MS 2022-23 (खंड ग, 'पिघलकर जल बन गया होगा कठिन पाषाण' पर आधारित)] **[2]**

Q7. 'यह दंतुरित मुसकान' कविता में बच्चे के स्पर्श से 'शेफालिका के फूलों के झरने' से क्या अभिप्राय है? [बोर्ड 2025 (3-3-1)] **[2]**

Q8. 'मिट्टी के गुण-धर्म को सुरक्षित कैसे रखा जा सकता है?' 'फसल' कविता के आधार पर लिखिए। [बोर्ड 2023 Main (3-4-1)] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

> तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान
> मृतक में भी डाल देगी जान
> धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात—
> छोड़कर तालाब मेरी झोंपड़ी में खिल रहे जलजात

(i) 'धूलि-धूसर तुम्हारे ये गात' में 'गात' का अर्थ है : **[1]**

(a) हाथ (b) शरीर (c) मन (d) मुख

(ii) 'जलजात' शब्द किसका पर्याय है? **[1]**

(a) चंद्रमा (b) कमल (c) बादल (d) मछली

(iii) 'मृतक में भी डाल देगी जान' पंक्ति से कवि शिशु की मुसकान की किस विशेषता को व्यक्त करता है? **[1]**

(a) कठोरता (b) भयानकता (c) जीवनदायिनी शक्ति (d) उदासी

(iv) **अभिकथन (A):** शिशु का धूल-धूसर शरीर कवि को अप्रिय लगता है।
कारण (R): कवि को शिशु के मलिन शरीर में भी कमल जैसा सौंदर्य दिखता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

(v) कवि की दृष्टि में बच्चे की मुसकान कैसी है? **[1]**

(a) मासूम और दूधिया दाँतों वाली
(b) रोती हुई
(c) गंभीर
(d) डरी हुई

18. मंगलेश डबराल — संगतकार

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. संगतकार पाठ के अनुसार संगतकार की मुख्य विशेषता क्या होती है? [SQP 2023-24 (खंड 'पद्य', प्रश्न 10 ख)] **[1]**

(a) उसकी मानवीयता
(b) उसकी कलात्मक श्रेष्ठता
(c) उसकी प्रतिभा प्रदर्शन की आकांक्षा
(d) उसकी आत्म मुग्धता

Q2. मुख्य गायक के भटकने पर संगतकार उसकी सहायता कैसे करता है? [बोर्ड 2023 Main (3-4-1)] **[1]**

(a) उसका सामान उठाकर
(b) उसका हाथ पकड़कर
(c) स्थायी को सँभालकर
(d) बचपन की याद दिलाकर

Q3. गायक अपने ही सरगम को किस कारण लाँघ जाता है? [बोर्ड 2023 Main (3-4-1)] **[1]**

(a) गाने की रौ में भटकने के कारण
(b) संगतकार द्वारा साथ देने के कारण
(c) संगतकार द्वारा साथ न देने के कारण
(d) संगतकार नौसिखिया था

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** संगतकार मुख्य गायक का साथ इसलिए देता है कि मुख्य गायक को अकेलापन न लगे।
कारण (R): वह कभी-कभी यों ही साथ देकर यह बताता है कि मुख्य गायक अकेला नहीं है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. भटके हुए स्वर को संगतकार कब सँभालता है और मुख्य गायक पर इसका क्या प्रभाव पड़ता है? [SQP 2019-20 (प्रश्न 8 क); MS 2019-20] **[2]**

Q6. 'स्थायी' किसे कहते हैं और संगतकार उसे क्यों सँभालता है? **[2]**

Q7. संगतकार की भूमिका का महत्त्व कब सामने आता है? [SQP 2019-20 (प्रश्न 8 ग); MS 2019-20] **[2]**

Q8. वर्तमान में संगतकार जैसे व्यक्तियों की प्रासंगिकता स्पष्ट कीजिए। [SQP 2024-25 (प्रश्न 10 घ); MS 2024-25] **[2]**

पठित/अपठित (केस आधारित) प्रश्न

Q9. निम्नलिखित पठित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प चुनकर लिखिए : **[5]**

गायक जब अंतरे की जटिल तानों के जंगल में
खो चुका होता है
या अपने ही सरगम को लाँघकर
चला जाता है भटकता हुआ एक अनहद में
तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है
जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान
जैसे उसे याद दिलाता हो उसका बचपन
जब वह नौसिखिया था

(i) 'गायक अंतरे की जटिल तानों के जंगल में खो चुका होता है' — इस पंक्ति का आशय है : **[1]**

(a) गायक गाने की जटिलता में सुर खो देता है
(b) गायक गाने की पंक्ति बीच में ही भूल जाता है
(c) गायक अंतरे की जटिलता को भूल जाता है
(d) गायक अंतरे की तानों की गहराई और जटिलता में सुध-बुध खो देता है

(ii) मुख्य गायक के प्रतिभावान होने के बावजूद संगतकार का होना क्यों आवश्यक है? **[1]**

(a) स्थायी और आनुषंगिक मुश्किलों को सँभालने के लिए
(b) उसके बचपन की याद दिलाने के लिए
(c) सुरों और सरगम की सीख लेने के लिए
(d) पीछे छूटने वाले सामान को समेटने के लिए

(iii) 'जैसे समेटता हो मुख्य गायक का पीछे छूटा हुआ सामान' — इस पंक्ति में कौन-सा अलंकार है? **[1]**

(a) उत्प्रेक्षा (b) रूपक (c) अतिशयोक्ति (d) मानवीकरण

(iv) 'अंतरे की जटिल तानों के जंगल' में कौन-सा अलंकार है? **[1]**

(a) रूपक (b) उत्प्रेक्षा (c) अतिशयोक्ति (d) मानवीकरण

(v) **अभिकथन (A):** गायक अपने ही सरगम को लाँघकर भटक जाता है।
कारण (R): तब संगतकार ही स्थायी को सँभाले रहता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

19. माता का अँचल

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. भोलानाथ के साथ कुश्ती लड़ते समय उसके पिता क्या करते थे ? **[1]**

(a) उसे पूरी ताकत से हरा देते थे
(b) जान-बूझकर उससे हार जाते थे
(c) लड़ाई रोककर उसे डाँटते थे
(d) उसे गोद में उठाकर भाग जाते थे

Q2. साँप से डरा हुआ भोलानाथ पिता के पास न जाकर कहाँ भागा ? **[1]**

(a) गुरुजी के पास (b) माँ की गोद में (c) पड़ोस के घर में (d) बाग की ओर

Q3. माँ भोलानाथ को भोजन कराने के लिए किस प्रकार की युक्ति अपनाती थी ? **[1]**

(a) उसे डराकर
(b) पैसों का लालच देकर
(c) तोता, मैना आदि पक्षियों के नाम के कौर बनाकर खिलाकर
(d) पिता के साथ बिठाकर

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** विपत्ति आने पर भोलानाथ पिता के पास न जाकर माँ की गोद में जा छिपा।
कारण (R): माँ की गोद में बच्चा स्वयं को सबसे अधिक सुरक्षित और निश्चिंत अनुभव करता है। **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. माँ भोलानाथ को ज़बरदस्ती क्यों खिलाती थी और किस ढंग से खिलाती थी ? [बोर्ड 2022 (3-2-1) से रूपांतरित] **[2]**

Q6. भोलानाथ के पिता उसे गंगा-तट पर ले जाकर क्या-क्या करते थे ? दो बातें लिखिए। **[2]**

Q7. लेखक के अनुसार भोलानाथ के पिता कौन-कौन-से कार्य नियमपूर्वक करते थे ? **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. पिता द्वारा भोलानाथ को खाना खिलाने के बाद भी उसकी माँ उसे खाना खिलाती थी, क्यों ? 'माता का अँचल' पाठ के आधार पर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। [बोर्ड 2022 (3-2-1)] **[4]**

Q9. 'माता का अँचल' पाठ में जिस ग्राम्य जीवन और संस्कृति का चित्रण है, उसमें वर्तमान में क्या अंतर आया है ? क्या उस अंतर को आप सकारात्मक मानते हैं ? लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए। [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[4]**

Q10. "प्रयास करने पर पुरुष भी बच्चों का पालन-पोषण भली-भाँति कर सकते हैं।" – 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित भोलानाथ और उसके पिता के जीवन-प्रसंगों से दो उदाहरण लेते हुए इस कथन के पक्ष में उचित तर्क प्रस्तुत कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[4]**

Q11. 'माता का अँचल' पाठ में वर्णित बचपन और आज के बचपन में क्या अंतर है ? क्या इस अंतर का प्रभाव दोनों बचपनों के जीवन-मूल्यों पर पड़ा है ? तर्क सहित स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2021-22 (Term 2)] **[4]**

20. साना-साना हाथ जोड़ि

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखिका को 'साना-साना हाथ जोड़ि...' प्रार्थना किसने सिखाई थी ? **[1]**

(a) यूमथांग की एक स्त्री ने (b) जितेन नार्गे ने
(c) एक बौद्ध लामा ने (d) एक सैनिक ने

Q2. सैनिकों की छावनी पर लिखा वाक्य 'वी गिव अवर टुडे फॉर योर टुमारो' क्या भाव प्रकट करता है ? **[1]**

(a) सैनिकों की थकान
(b) देश की सुरक्षा के लिए सैनिकों का त्याग और समर्पण
(c) पर्यटकों के लिए चेतावनी
(d) सरकारी विज्ञापन

Q3. जितेन नार्गे लेखिका के लिए किस रूप में साथ था ? **[1]**

(a) अध्यापक और कवि (b) फौजी अफ़सर (c) गाइड-सह-ड्राइवर (d) होटल प्रबंधक

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में कटाओ पर किसी दुकान का न होना उसके लिए वरदान बताया गया है।
कारण (R): दुकानें होने पर व्यावसायीकरण, वाहनों की भीड़ और प्रदूषण बढ़ता तथा उसकी स्वच्छता और प्राकृतिक सुंदरता नष्ट हो जाती। [SQP 2017-18 से रूपांतरित] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में नदियों और पर्वतों के प्रति लेखिका ने क्या भाव व्यक्त किया है ? [बोर्ड 2022 (3-2-1); बोर्ड 2025 (कंपार्टमेंट) से रूपांतरित] **[2]**

Q6. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर बताइए कि प्रकृति जल का संचय कैसे करती है। [बोर्ड 2023 (3-4-1) से रूपांतरित] **[2]**

Q7. लायुंग में लेखिका को कौन-सी बातें विशेष रूप से अच्छी लगीं ? [बोर्ड 2026 (3-1-1) से रूपांतरित] **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ में पर्वतीय क्षेत्रों में बढ़ती मानवीय गतिविधियों के किन दुष्प्रभावों का उल्लेख किया गया है ? स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2022 (3-1-1)] **[4]**

Q9. 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए कि रंगीन और सफ़ेद बौद्ध पताकाएँ किसका प्रतीक हैं और इनके बारे में क्या मान्यता प्रचलित है ? (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2024 (कंपार्टमेंट)] **[4]**

Q10. सैलानियों को प्रकृति की अलौकिक छटा का अनुभव करवाने में किन-किन लोगों का योगदान होता है ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' पाठ के आधार पर लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[4]**

Q11. ऊँचाई की ओर बढ़ते जाने पर लेखिका को परिदृश्य में क्या अंतर नज़र आए ? 'साना-साना हाथ जोड़ि' यात्रा-वृत्तांत के आधार पर लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2024-25; MS 2024-25] **[4]**

21. मैं क्यों लिखता हूँ?

बहुविकल्पीय प्रश्न

Q1. लेखक अज्ञेय के अनुसार उन्हें लिखने के लिए प्रेरित करने वाला मूल कारण क्या है ? **[1]**

(a) धन कमाने की इच्छा
(b) भीतरी विवशता
(c) प्रकाशक का दबाव
(d) प्रसिद्धि की चाह

Q2. लेखक ने भारत की पूर्वी सीमा की किस घटना का उल्लेख किया है ? **[1]**

(a) सैनिकों द्वारा ब्रह्मपुत्र में बम फेंककर मछलियाँ मारना
(b) बाढ़ से गाँव डूब जाना
(c) नदी का मार्ग बदल जाना
(d) पहाड़ पर बर्फ गिरना

Q3. निम्नलिखित में से कौन-सा लेखन का बाहरी दबाव है ? **[1]**

(a) आत्मा की पुकार
(b) संपादक का आग्रह
(c) स्वयं को जानने की इच्छा
(d) भीतरी बेचैनी

अभिकथन-कारण प्रश्न

Q4. **अभिकथन (A):** हिरोशिमा में सब कुछ अपनी आँखों से देखने के बावजूद लेखक ने उस समय कविता नहीं लिखी।
कारण (R): प्रत्यक्ष अनुभव को रचना में ढालने के लिए उसका अनुभूति के स्तर तक पहुँचना, अर्थात भीतर घनीभूत होना आवश्यक है। [बोर्ड 2024 (3-3-1) से रूपांतरित] **[1]**

(a) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या है।
(b) अभिकथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं, परंतु कारण (R), अभिकथन (A) की सही व्याख्या नहीं है।
(c) अभिकथन (A) सही है, परंतु कारण (R) गलत है।
(d) अभिकथन (A) गलत है, परंतु कारण (R) सही है।

लघु उत्तरीय प्रश्न

Q5. अज्ञेय के अनुसार 'भीतरी विवशता' क्या है ? [SQP 2025-26; SQP 2026-27; MS 2025-26] **[2]**

Q6. हिरोशिमा की घटना को देखकर लेखक को कौन-सी घटना याद आई ? [SQP 2024-25; MS 2024-25] **[2]**

Q7. लेखक के अनुसार बाहरी दबाव लेखन को कैसे प्रभावित करते हैं ? [बोर्ड 2024 (3-1-1) से रूपांतरित] **[2]**

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q8. हिरोशिमा जाने पर लेखक को क्या महसूस हुआ ? हिरोशिमा की घटना पूरी मानव जाति के लिए एक सबक के समान क्यों है ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2023 (3-1-1)] **[4]**

Q9. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर अनुभव और अनुभूति के अंतर को स्पष्ट करते हुए लिखिए कि लेखक को लेखन में दोनों में से कौन अधिक प्रभावित करता है और क्यों ? (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2025 (कंपार्टमेंट)] **[4]**

Q10. हिरोशिमा शहर में घूमते हुए लेखक का मन क्या देखकर विचलित हो जाता है ? उसका उनके मन पर क्या प्रभाव पड़ता है ? 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' पाठ के आधार पर लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [बोर्ड 2026 (दूसरी बोर्ड 3-7-1)] **[4]**

Q11. 'मैं क्यों लिखता हूँ ?' प्रश्न के उत्तर में लेखक क्या कारण बताता है ? पाठ के आधार पर विस्तार से लिखिए। (लगभग 50-60 शब्द) [SQP 2023-24] **[4]**

22. अनुच्छेद लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. 'प्रगति पथ पर अग्रसर भारत' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • भारत की उपलब्धियाँ • अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान • देश की प्रगति के लिए हमारे कर्तव्य [SQP 2026-27] **[6]**

Q2. 'जंक फूड और युवा पीढ़ी' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • जंक फूड क्या है? • जंक फूड का बढ़ता चलन • स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव [SQP 2024-25] **[6]**

Q3. 'सड़क सुरक्षा : जीवन रक्षा' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • सड़क सुरक्षा के प्रमुख नियम • नियमों की अनदेखी से हानियाँ • इन्हें अपनाने के लाभ [SQP 2021-22 (Term 2)] **[6]**

Q4. 'मन के हारे हार है, मन के जीते जीत' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • सूक्ति का अर्थ • निराशा अभिशाप • दृष्टिकोण परिवर्तन • सकारात्मक सोच [बोर्ड 2023 Comptt (3-C-1); द्वितीय बोर्ड 2026 (3-8-1)] **[6]**

Q5. 'सोशल मीडिया : जागरूकता आवश्यक' विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए — • वर्तमान स्थिति • जागरूकता की आवश्यकता क्यों • प्रभाव [बोर्ड 2024 (3-2-1); बोर्ड 2025 (3-3-1) 'एक धीमा ज़हर'] **[6]**

23. पत्र लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. आप अनुपमा/अनुपम हैं। आपके क्षेत्र को मुख्य सड़क से जोड़ने वाली सड़क पर लाइटें ख़राब हो गई हैं, जिससे दुर्घटना की आशंका बढ़ गई है। इस ओर ध्यान आकर्षित कराते हुए सार्वजनिक लोक निर्माण विभाग को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। [SQP 2024-25] **[5]**

Q2. पुलिस द्वारा उठाए गए विविध कदमों से शहर में अपराध कम तो हुआ है, पर अभी और सुधार की आवश्यकता है। अपने क्षेत्र के दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखकर जन सामान्य का ध्यान इस ओर दिलाइए कि अपराध पर अंकुश सिर्फ पुलिस की ही नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। [बोर्ड 2024 (3-1-1)] **[5]**

Q3. आप ज्योति/प्रकाश हैं। आप सार्वजनिक स्थानों पर कुछ लोगों को धूम्रपान करते देखते हैं। उनकी इस आदत से बच्चों पर बुरा प्रभाव पड़ता है। इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को लगभग 100 शब्दों में एक पत्र लिखिए। [बोर्ड 2026 (3-4-1)] **[5]**

Q4. आप आनंदी/आनंद हैं। छोटे-मोटे रोगों के लिए आपकी दादी माँ द्वारा बताए गए घरेलू नुस्खों को संकलित करके आपने एक पुस्तक बनाई है, जिसका नाम आपने 'दादी माँ के घरेलू नुस्खे' रखा है। पुस्तक के प्रकाशन के अवसर पर अपनी दादी माँ को आमंत्रित करते हुए उन्हें लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए। [SQP 2025-26] **[5]**

24. स्ववृत्त, ई-मेल, विज्ञापन एवं संदेश लेखन

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

Q1. आप प्रेरणा/प्रेरक हैं। आपने हिन्दी विषय में एम.ए. किया है साथ ही आपके पास बी.एड. की डिग्री भी है। आपके शहर के एक प्रतिष्ठित विद्यालय में हिन्दी विषय के स्नातक शिक्षकों के कुछ पद रिक्त हैं। आपको उस पद के लिए आवेदन करना है। इसके लिए लगभग 80 शब्दों में अपना एक स्ववृत्त लेख तैयार कीजिए। [SQP 2025-26] **[5]**

Q2. आप अमन/आमना हैं और अभी-अभी आपने 'पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल' से एम.बी.बी.एस. की डिग्री पूरी की है। वहीं पर इंटर्न डॉक्टर के पद पर आवेदन करने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक स्ववृत्त तैयार कीजिए। [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[5]**

Q3. आप प्रेरणा/प्रेरक हैं। आपके क्षेत्र में सफ़ाई व्यवस्था चरमराई हुई है। सफ़ाई कर्मचारी अक्सर अनुपस्थित रहते हैं। नगर निगम अधिकारी को इससे अवगत कराते हुए लगभग 80 शब्दों में ई-मेल कीजिए। [SQP 2025-26] **[5]**

Q4. आप धनुश्री/धनुष हैं। अपने क्षेत्र में जलभराब की समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए अपने शहर के नगर निगम/नगरपालिका को लगभग 80 शब्दों में ई-मेल लिखिए। [बोर्ड 2024 (3-2-1)] **[5]**

Q5. (क) सौर ऊर्जा के प्रयोग को प्रोत्साहन देने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में विद्युत मंत्रालय की ओर से तैयार कीजिए। [SQP 2025-26] **[4]**

Q6. आपकी बहन ने "दियारा" नाम से पॉल्ट्री (मुर्गीपालन) का व्यवसाय ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से शुरू किया है। इस कंपनी की खूबियों को दर्शाने वाला एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में बनाइए। [बोर्ड 2025 (3-1-1)] **[4]**

Q7. (ख) आपके हिन्दी शिक्षक/शिक्षिका का नया 'काव्य संग्रह' प्रकाशित हुआ है। उन्हें इस अवसर पर बधाई देते हुए लगभग 40 शब्दों में एक बधाई संदेश लिखिए। [SQP 2025-26] **[4]**

Q8. (ii) आपकी बड़ी बहन का लिखा गीत "मेरे देश की मिट्टी" प्रसिद्ध हो गया। लगभग 40 शब्दों में उनको एक बधाई संदेश लिखिए। [बोर्ड 2026 (3-1-1)] **[4]**

उत्तर कुंजी (बहुविकल्पीय एवं अभिकथन-कारण)

Ch. 1: Q1(i)-(b), Q1(ii)-(a), Q1(iii)-(d)

Ch. 2: Q1(i)-(d), Q1(ii)-(b), Q1(iii)-(a)

Ch. 3: Q1-(a), Q2-(b), Q3-(b), Q4-(a)

Ch. 4: Q1-(a), Q2-(c), Q3-(b), Q4-(a)

Ch. 5: Q1-(d), Q2-(b), Q3-(c), Q4-(a)

Ch. 6: Q1-(d), Q2-(b), Q3-(a), Q4-(a)

Ch. 7: Q1-(c), Q2-(c), Q3-(b), Q4-(a), Q6(i)-(a), Q6(ii)-(b), Q6(iii)-(b), Q6(iv)-(c), Q6(v)-(d)

Ch. 8: Q1-(b), Q2-(a), Q4(i)-(c), Q4(ii)-(c), Q4(iii)-(a), Q4(iv)-(d), Q4(v)-(a)

Ch. 9: Q1-(b), Q2-(a), Q4(i)-(b), Q4(ii)-(a), Q4(iii)-(b), Q4(iv)-(a), Q4(v)-(a)

Ch. 10: Q1-(a), Q2-(a), Q4(i)-(a), Q4(ii)-(c), Q4(iii)-(a), Q4(iv)-(b), Q4(v)-(a)

Ch. 11: Q1-(a), Q2-(a), Q3-(a), Q5(i)-(d), Q5(ii)-(a), Q5(iii)-(b), Q5(iv)-(a), Q5(v)-(a)

Ch. 12: Q1-(b), Q3(i)-(b), Q3(ii)-(d), Q3(iii)-(a), Q3(iv)-(d), Q3(v)-(a)

Ch. 13: Q1-(c), Q2-(a), Q3-(a), Q5(i)-(b), Q5(ii)-(d), Q5(iii)-(a), Q5(iv)-(c), Q5(v)-(a)

Ch. 14: Q1-(a), Q3(i)-(b), Q3(ii)-(a), Q3(iii)-(d), Q3(iv)-(c), Q3(v)-(a)

Ch. 15: Q1-(a), Q2-(a), Q4(i)-(a), Q4(ii)-(b), Q4(iii)-(d), Q4(iv)-(c), Q4(v)-(a)

Ch. 16: Q1-(b), Q2-(c), Q3-(c), Q4-(a), Q9(i)-(c), Q9(ii)-(d), Q9(iii)-(a), Q9(iv)-(b), Q9(v)-(a)

Ch. 17: Q1-(b), Q2-(a), Q3-(a), Q4-(a), Q9(i)-(b), Q9(ii)-(b), Q9(iii)-(c), Q9(iv)-(d), Q9(v)-(a)

Ch. 18: Q1-(a), Q2-(c), Q3-(a), Q4-(a), Q9(i)-(d), Q9(ii)-(a), Q9(iii)-(a), Q9(iv)-(a), Q9(v)-(b)

Ch. 19: Q1-(b), Q2-(b), Q3-(c), Q4-(a)

Ch. 20: Q1-(b), Q2-(b), Q3-(c), Q4-(a)

Ch. 21: Q1-(b), Q2-(a), Q3-(b), Q4-(a)